(iv) प्राकृतिक वनस्पति, वन्य जीव एवं जैव विविधता

492. कथन (A) : राजस्थान के दक्षिणी क्षेत्रों में सागवान के वृक्ष अधिक पाये जाते हैं।
कारण (R) : सागवान अधिक सर्दी व पाला सहन कर पाता है।

(a) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही है किंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(b) (A) is false but (R) is true/(A) गलत है लेकिन (R) सही है
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है लेकिन (R) गलत है
(d) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/ (A) और (R) दोनों सही है एवं (R), (A) की सही व्याख्या है

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (c) : राजस्थान में शुष्क सागवान वन मुख्य रूप से उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, झालावाड़, चित्तौड़गढ़, बारां जिलों में पाये जाते है। सागवान अधिक सर्दी एवं पाला सहन नहीं कर पाता है। इनका विस्तार दक्षिणी क्षेत्रों में अधिक है।

493. निम्नलिखित में से कौन-सा संरक्षित क्षेत्र झुंझुनू जिले में विस्तृत नहीं है?

(a) शाकम्भरी (b) मनसा माता
(c) बीड (d) गोगेलाव

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (d) : गोगेलाव संरक्षित क्षेत्र झुं.झनू जिले में विस्तृत नहीं है। यह नागौर जिले में विस्तृत है। शाकम्भरी, मनसा माता, बीड संरक्षित क्षेत्र झुंझनू जिले में विस्तृत है।

494. निम्नलिखित में से कौन सा (वन्यजीव अभ्यारण्य-जिला) सुमेलित नहीं है?

(a) सोरान-बारां
(b) वन विहार-धौलपुर
(c) बन्ध बारेठा-भरतपुर
(d) केसर बाग-उदयपुर

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (d) : सही सुमेलन इस प्रकार है।

वन्यजीव अभयारण्य	**जिला**
सोरसन वन्यजीव अभयारण्य	बारा
वन विहार	धौलपुर
बन्ध बारेठा	भरतपुर
केसर बाग	धौलपुर

495. शेरगढ़ वन्यजीव अभ्यारण्य किस जिले में स्थित है?

(a) बूंदी (b) बारां
(c) सवाई माधोपुर (d) करौली

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (b) : शेरगढ़ वन्यजीव अभ्यारण्य राजस्थान के बारां जिले में स्थित है। इसका क्षेत्रफल 98 वर्ग किमी. है।
इस अभ्यारण्य में चीता, हिरण, चिंकारा, चितल, सांभर इत्यादि जीव बहुतायत मात्रा में पाए जाते हैं।

496. राजस्थान के किन जिलों में सबसे ज्यादा 'आरक्षित वन्य क्षेत्र' हैं?

(a) उदयपुर और चित्तौड़गढ़ (b) जैसलमेर और बीकानेर
(c) डूंगरपुर और कोटा (d) जोधपुर और गंगानगर

Head Cleark Combined Exam-2018

Ans. (a) : राजस्थान के उदयपुर और चित्तौड़गढ़ जिलों में सबसे ज्यादा आरक्षित वन्य क्षेत्र है। राजस्थान में आरक्षित वनों का क्षेत्रफल 12,176 वर्ग किलोमीटर है जो कुल वनों का 37 प्रतिशत है। इन वनों पर पूर्ण सरकारी नियंत्रण होता है। इनमें किसी भी प्रकार का दोहन वर्जित है।

497. गोगेलाव संरक्षित क्षेत्र किस जिले में स्थित है?

(a) पाली (b) चूरू
(c) नागौर (d) जालौर

RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (c) : गोगेलाव संरक्षित क्षेत्र राजस्थान के नागौर जिले में स्थित है। यहां चिंकारा, खरगोश, काला हिरन आदि जीव पाए जाते हैं। इस क्षेत्र में पीने के पानी की पर्याप्त सुविधायें नहीं होने से वन्य जीव रिहायशी इलाकों में आ जाते हैं।

498. राजस्थान का निम्नलिखित में से कौन सा कन्जर्वेशन रिजर्व/संरक्षित क्षेत्र झुन्झुनू जिले में अवस्थित नहीं है?

(a) शाकम्भरी (b) बीड़
(c) मनसा माता (d) गोगेलाव

संगणक भर्ती परीक्षा-2021 (19 दिसम्बर, 2021)

Ans. (d) शाकम्भरी, बीड़ एवं मानसा माता कन्जर्वेशन रिजर्व/संरक्षित क्षेत्र झुन्झुनू जिले में अवस्थित है, जबकि गोगेलाव राजस्थान के नागौर जिले में अवस्थित है। अतः विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

499. हाल ही में (अप्रैल 2022) राजस्थान का 16वां कंजर्वेशन रिजर्व कौन सा बना है?

(a) शाकम्भरी, सीकर
(b) रोटू, नागौर
(c) रणखार, जालौर
(d) मनसा माता, झुंझुनू

RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I

Ans. (c) : 25 अप्रैल, 2022 को राजस्थान का 16वां कंजर्वेशन रिजर्व राजस्थान सरकार द्वारा जालौर जिले की चितलवाना तहसील की खेजड़ियाली ग्राम पंचायत के राजस्व गांव रणखार को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत घोषित किया गया। यह एक रण क्षेत्र है, जो कच्छ रण के समरूप है। इस क्षेत्र में जंगली गधे, चिंकारा, जंगली बिल्ली बहुतायत में पाए जाते हैं।

500. रणखार रिजर्व स्थित है-

(a) जालौर में (b) जोधपुर में
(c) नागौर में (d) बीकानेर में

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें